# दैनिक परिहार गर्जना

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 142 | छतरपुर, बुधवार 18 दिसम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16


# मध्यप्रदेश विधानसभा ने लोकतांत्रिक परंपराओं को सुदृढ़ करने में निभाई है विशिष्ट भूमिका- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

## पूर्वजों ने जिस उद्देश्य और संकल्प के साथ रखी थी मध्यप्रदेश की नींव उसे पूरा करने के लिए हम सब संकल्पित

परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि मध्यप्रदेश विधानसभा ने लोकतांत्रिक परंपराओं को सुदृढ़ करने में अपनी विशिष्ट भूमिका निभाई है। 17 दिसंबर 1956 को मध्यप्रदेश विधानसभा के पहले सत्र से लेकर आज तक प्रदेश ने विकास और सुशासन की एक लंबी यात्रा तय की है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मध्यप्रदेश विधानसभा के पहले सत्र की 68 वीं वर्षगांठ पर सदन में संबोधित करते हुए प्रदेश की लोकतांत्रिक परंपराओं, विकास यात्रा और भविष्य की योजनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए।



### मध्यप्रदेश के गठन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि 1950 में संविधान लागू होने के बाद मध्यप्रदेश कई हिस्सों में विभाजित था, जिसमें विन्ध्य प्रदेश, मध्य भारत, भोपाल और सेन्ट्रल प्रोविन्सेस शामिल थे। राज्यों के पुनर्गठन के बाद 1 नवंबर 1956 को मध्यप्रदेश का गठन हुआ। उस समय से अब तक प्रदेश ने लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सशक्त बनाते हुए विकास के नये आयाम स्थापित किए हैं।

### विकास यात्रा में 2003 से 2024 तक उल्लेखनीय प्रगति

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि वर्ष 2003 से 2024 तक मध्यप्रदेश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। सिंचाई क्षेत्र में क्रांतिकारी विकास हुआ है। 2003 के पहले प्रदेश में मात्र 7 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित होती थी, जो अब बढ़कर 50 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगामी योजनाओं से यह आंकड़ा 1 करोड़ हेक्टेयर तक पहुंचने की उम्मीद है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने इस संदर्भ में काली सिंध, पार्वती और चंबल नदियों को जोड़ने की योजना का जिक्र किया, जिसका भूमिपूजन 17 दिसम्बर की ऐतिहासिक तिथि को प्रधानमंत्री द्वारा जयपुर में किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि 25 दिसंबर को छतरपुर में केन और बेतवा नदी को जोड़ने की योजना का भूमिपूजन किया जाएगा, जो 1.75 लाख करोड़ रुपये की लागत से 15 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचित करेगी।

### आर्थिक विकास और वित्तीय स्थिरता

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश अपनी आर्थिक प्रगति के साथ वित्तीय स्थिरता बनाए रखने में सफल रहा है। राज्य का कर्ज सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के 3 प्रतिशत से कम है, जो इसे एक प्रगतिशील राज्य के रूप में स्थापित करता है।

### गौरवशाली विरासत और स्वर्णिम भविष्य

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जिस उद्देश्य और संकल्प के साथ मध्यप्रदेश की नींव रखी थी, हम सभी गर्व के साथ उसे पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। विधानसभा की यह यात्रा प्रदेश की जनता की आकांक्षाओं को साकार करने की दिशा में सतत रूप से अग्रसर है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर और सभी सदस्यों को इस ऐतिहासिक अवसर पर शुभकामनाएं दीं और प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्प व्यक्त किया। उन्होने विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर का इस दिवस के लिये विशेष समय प्रदान करने के लिये आभार व्यक्त किया।

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी



तुलसीदास सोनी

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। आगामी 25 दिसंबर को खजुराहो आ रहे पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम हेतु तय किए गए आयोजन स्थल मेला ग्राउंड खजुराहो में चल रही तैयारियों का जायजा लेने मंगलवार की शाम को कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी पहुंचे। इस मौके पर कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर एसपी अगम जैन, एडिशनल एसपी विक्रम सिंह, थाना प्रभारी अतुल दीक्षित, नगर परिषद सीएमओ बसंत चतुर्वेदी, अध्यक्ष अरुण कुमार अवस्थी, एसडीम राजनगर बालवीर रमन आदि मौजूद रहे।

# पिकअप ने बाईक को मारी टक्कर, युवक की मौत

## हादसा देखने के लिए बस से उतरे दूसरे युवक की गिरने से हुई मौत

छतरपुर। गुलगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद सड़क पर जाम लग गया था, जिस कारण से बसें रुकी हुई थीं। इसी बीच एक बस में सवार युवक हादसा देखने के लिए नीचे उतर रहा था तभी उसका संतुलन बिगड़ा और जमीन पर गिरने से उसकी भी मौत हो गई। दोनों शवों को जिला अस्पताल लाया गया था, जहां पोस्टमार्टम हुआ पिपट थाना क्षेत्र के ग्राम अलगाना निवासी रामेश्वर यादव ने बताया कि उसका 35 वर्षीय बड़ा भाई रामदास किसी काम से छतरपुर आया था। काम खत्म करने के बाद जब वह वापिस घर आ रहा था तभी अनगौर के तेज रफ्तार पिकअप ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं ग्राम मझगुवां थाना गुलगंज के निवासी चतुर सिंह परिहार ने बताया कि उसका 32 वर्षीय दोस्त रानू नामदेव छतरपुर से अपने घर, बस पर सवार होकर आ रहा था। सड़क पर पिकअप और बाइक की टक्कर के बाद जाम लगा हुआ था, जिस कारण से उसकी बस भी रुक गई। रानू, घटना देखने के लिए बस से उतर रहा था तभी उसका संतुलन बिगड़ा और वह जमीन पर जा गिरा और बुरी तरह घायल हो गया। घटना के बाद मृतक रामदास और घायल रानू को जिला अस्पताल लाया जा रहा था लेकिन रास्ते में रानू ने भी दम तोड़ दिया। दोपहर के वक्त जिला अस्पताल में दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

# स्कूल में सोते हुए पाए जाने पर शिक्षक के विरुद्ध जांच के आदेश

छतरपुर। शासकीय माध्यमिक शाला वार्ड क्रमांक 13 छतरपुर विकासखण्ड ईशानगर में शिक्षक देवकीनंदन साहू शाला में शैक्षणिक कार्य न कर कथित रूप से सोते हुए पाए जाने का समाचार वायरल हुआ था।

जिसके संबंध में डीईओ शिक्षा विभाग द्वारा जांच टीम गठित की गई है। साथ ही तीन दिवस में जांच प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए गए है। जिसमें सविता अग्रवाल, प्राचार्य, शास. क.उ.मा.वि. छतरपुर, हरीशंकर दीक्षित, प्राचार्य, शास.उ.मा.वि.हटवारा-छतरपुर को जांच समिति में शामिल किया गया है।

# उलाहना देने पर दबंगों ने पूरे परिवार को पीटा

## इलाज के लिए जाते वक्त किसान की मौत, पुत्र और पत्नी घायल

छतरपुर। जिले के चंदला थाना क्षेत्र में दबंगों का विरोध करना एक परिवार को महंगा पड़ा गया। दरअसल दबंगों ने आवारा मवेशियों के बाड़े का द्वार खोल दिया था और जब बाड़े की रखवाले करने वाले परिवार ने उनका विरोध किया तो दबंगों ने पूरे परिवार के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में घायल हुए किसान की इलाज के लिए ग्वालियर ले जाते समय मौत हो गई है, जबकि उसके पुत्र और पत्नी का इलाज अभी जारी है। चंदला पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की ववेचना शुरू की है।




प्राप्त जानकारी के मुताबिक चंदला थाना क्षेत्र के ग्राम बिसनाखेड़ा के ग्रामीणों ने आवारा मवेशियों से फसल को बचाने के लिए गांव में ही एक बाड़ा बनाया था, जहां आवारा मवेशियों को एकत्रित किया जाता है। इस बाड़े की रखवाली की जिम्मेदारी गांव के मुलायम पुत्र राजाराम राजपूत को दी गई थी। रविवार की दोपहर में जब मुलायम राजपूत बाड़े पर पहुंचा तो उसे बाड़े का द्वार खुला मिला। आसपास पता करने पर मुलायम को लोगों से जानकारी मिली कि गांव के हरिचरण राजपूत और उसके साथियों ने बाड़े का द्वार खोला है। इसके बाद मुलायम, उलाहना देने के लिए हरिचरण के पास गया जहां हरिचरण राजपूत ने उसे डंडे से बुरी तरह पीट दिया। मारपीट की खबर मिलने के बाद जब मुलायम के पिता राजाराम राजपूत और उसकी मां मौके पर पहुंची तो हरिचरण और उसके कुछ साथियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। घटना में घायल हुए हरिचरण राजपूत, उसके पिता राजाराम राजपूत और मां को गंभीर अवस्था में चंदला अस्पताल ले जाया गया था लेकिन राजाराम की हालत गंभीर होने के कारण उसे पहले जिला अस्पताल और उसके बाद ग्वालियर रेफर कर दिया गया। ग्वालियर जाने के दौरान राजाराम की रास्ते में मौत हो गई। मंगलवार की सुबह परिजन शव लेकर चंदला पहुंचे और पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी।

# शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुवारा की छात्रा डब्ल्यू पी एल 2025 में हुआ चयन

राजाराम साहू

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा।। विमेंस प्रीमियर लीग 2025 के लिए मिनी ऑक्शन बेंगलूर में रविवार को करीब ढाई घंटे चला। 5 टीमों ( गुजरात जायंट्स, मुम्बई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली कैपिटल्स, यूपी वॉरियर्स )ने 9.05 करोड़ रुपए खर्च कर प्लेयर्स खरीदे।




वहीं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुवारा की पूर्व छात्रा और घुवारा नगर की शान कु क्रांति गौंड को यूपी वॉरियर्स की ओर से दस लाख रुपए खर्च कर खरीदा गया, जिसमें क्रांति गौंड क्रिकेट के क्षेत्र में यूपी वॉरियर्स की ओर से एक ऑलराउंडर की भूमिका निभाकर अपनी क्रिकेट टीम के लिए विशेष योगदान देंगी। कहा जाता है कि जब क्रांति गौंड कक्षा नवमी में पढ़ती थीं और उनका पढ़ाई में मन नहीं लगता था तो उनके शिक्षक एवं मार्गदर्शक राजेश कुमार सेन ने उनसे कहा कि आप पढ़ती क्यों नहीं हो, तो उन्होंने कहा कि मन नहीं लगता है सर, तो सर के कहा कि आपका मन क्रिकेट में लगता है तो बोलीं हां सर। तो उनके शिक्षक और मार्गदर्शक ने उन्हें क्रिकेट के लिए प्रेरित किया और यह बात उन शिक्षक ने अपने प्राचार्य महोदय और समस्त स्टॉफ को बताया कि हम सब क्रांति गौंड को खेल जगत के लिए प्रेरित कर सहयोग करें तो प्राचार्य बी एल प्रजापति एवं व्ही के जैन तथा सभी शिक्षकों ने उनका सहयोग किया। घुवारा में एक बार क्षेत्रीय महिला क्रिकेट टीम टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें शास बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुवारा के शिक्षक राजकुमार सेन महान क्षेत्रीय क्रिकेटर के विशेष नगर पंचायत घुवारा द्वारा क्रिकेट कराया गया जिसमें मेरे आग्रह पर क्रांति गौंड को खेलने का मौका दिया गया जिसमें उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर घुवारा का नाम रोशन किया और उसी मैच से क्रांति गौंड का मनोबल बढ़ता गया और वे क्रिकेट जगत में अपना पैर जमाती गईं और आज इस मुकाम तक पहुंचीं। संस्था प्राचार्य बी एल प्रजापति ने सभी छात्राओं को प्रेरित किया कि जिस क्षेत्र में विशेष रुचि हो और कैरियर की संभावना हो, उस क्षेत्र को चुनकर क्रांति गौंड की तरह आगे बढ़ते रहना चाहिए।

# अवैध हथियार के साथ पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

## बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में अवैध हथियार लेकर बैठा था युवक

सत्तार खान

परिहार गर्जना न्यूज। चंदला। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार लिए दबोच लिया।पकड़े गए युवक के पास से तलाशी लेने पर 315 बोर का देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बसन्तपुर तिराहा पर एक युवक किसी बारदात को अंजाम देने की नियत से अवैध हथियार लेकर बैठा है।सूचना प्राप्त होने पर निरीक्षक कमल सिंह ठाकुर ने तत्परता दिखाते हुए टीम गठित कर मौके के लिए रवाना किया। मुखबिर की बताएं स्थान पर पुलिस के पहुंचते ही युवक ने भागने का प्रयास किया जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया।पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम जग्गा उर्फ जगपाल राजपूत बताया। मामले में पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए पकड़े गए युवक को न्यायालय में पेश किया है। इस पूरी कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक विक्रम सिंह,प्रधान आरक्षक नरेश सिंह, सुरवेंद्र सिंह,आरक्षक कमल दीक्षित,चंद्रशेखर,फरसराम,छोटेलाल,की अहम भूमिका रही।



# नपाध्यक्ष ने किया आश्रय स्थल का निरीक्षण, देखी व्यवस्थाएं

## रेन बसेरे में लाइट और अलाव की व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश



परिहार गर्जना न्यूज। बीना/नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने नपा के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डो एवं स्थानों का निरीक्षण किया, खिरिया में स्थित रैन बसेरे का भी जायजा लिया। सार्वजनिक जगहों पर प्रमुखता के आधार पर अलाव जलवाने की व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। रैन बसेरे के निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष ने आश्रय स्थल पर उपलब्ध कराये जाने वाले गर्म बिस्तरों व कम्बल का जायजा लिया और अधिकारियों से कहा कि ठंड बढ़ने की आशंका को देखते हुए संबंधित अधिकारी इससे निपटने के लिए और आश्रय स्थल पर लाइट एवं अलाव की व्यवस्था करने हो कहा गया। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर ( बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, प्रमुख चौराहों) पर आश्रय स्थल की जानकारी हेतु दीवार लेखन एवं अन्य प्रकार से प्रचार के लिए भी निर्देशित किया, जिससे किसी भी राहगीर व आम नागरिक को ठंड से कोई समस्या न हो।

साथ ही खिरिया वार्ड में हाल ही में डले सीसी रोड एवं नली निर्माण का भी जायजा लिया एवं सुभाष वार्ड एवं भीम वार्ड में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों एवं ठेकेदारों को गुणवत्ता का ध्यान एवं लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इस प्रकार से कार्य करने हेतु आदेशित किया। इस दौरान कैलाश कुशवाह, नीतू अशोक राय, प्रहलाद यादव, विकास राजपूत, नवीन साहू, भूपेन्द्र राय, रोशन रजक, उपयंत्री शिखा दीक्षित, नंदकिशोर अहिरवार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में अब लोगों का भरोसा उठने लगा, मंगलवार को जनसुनवाई में सिर्फ 6 लोग ही पहुंचे

## किसान सीताराम ठाकुर ने कहा- यूरिया का सरकारी रेट 276, लेकिन बाजार में साढ़े 300 में मिल रहा

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/जनसुनवाई में अब लोगों का भरोसा उठने लगा मंगलवार को जनसुनवाई में सिर्फ 6 लोग ही पहुंचे- किसान सीताराम ठाकुर ने कहा- यूरिया का सरकारी रेट 276, लेकिन बाजार में साढ़े 300 में मिल रहा। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में अब लोगों का भरोसा उठने लगा है। यही वजह है कि जन सुनवाई में नाम मात्र के लोग ही आवेदन लेकर पहुंचते हैं। इस बार भी बीना एसडीएम कार्यालय में आयोजित जन सुनवाई में केवल 6 लोगों ने ही लिखित आवेदन दिए हैं। एसडीएम कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह से लेकर अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। जिसमें मुहासा आमखेड़ा गांव के कल्यान ने शिक्षक धनीराम अहिरवार को आमखेड़ा गांव के प्राथमिक शाला से हटाने की मांग की है। सुभाष वार्ड की अनीता रैकवार ने वार्ड की रोड बनाने की मांग को लेकर आवेदन दिया है।



### *किसान बोला- 267 की जगह साढ़े 300 में मिल रहा यूरिया*

वहीं किसान सीताराम ठाकुर ने कहा कि कृषि विभाग में शिकायत करने के बाद भी अधिक दामों पर यूरिया बेची जा रही है। ज्यादा दामों पर यूरिया बेचने वालों पर कार्रवाई की जाए। किसान का कहना है कि मैंने 9 दिसंबर को कृषि विभाग में शिकायत की थी कि सरकारी मूल्य पर विपणन केंद्र पर 267 में यूरिया की बोरी मिल रही है। लेकिन बाजार में यूरिया की एक बोरी साढ़े 300 में दी जा रही है। मामले में अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। शीलचंद जैन ने बहुलाभकारी जमा योजना में समय पूर्ण होने के बाद भी राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। मेवली गांव की प्रीति पति शिवचरण लोधी ने पति की मृत्यु के बाद संबल कार्ड बनवाने की मांग की है। दुधावनी गांव के खुशीलाल अहिरवार ने बेटी की मृत्यु पर शासन द्वारा मिलने वाली राहत राशि की मांग की है। जनसुनवाई में जनपद पंचायत सीईओ राजेश पटेरिया, सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया, बीआरसी महेंद्र जाट सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नवागत मंडल अध्यक्ष द्वारा नगर के वरिष्ठ जनों से लिया आशीर्वाद व कनिष्ठ कार्यकर्ताओं को खिलाई मिठाई



स्वप्निल गुप्ता

परिहार गर्जना न्यूज। अजयगढ़-अजयगढ मंडल के नवागत अध्यक्ष सुरेश यादव के द्वारा आज अजयगढ नगर के कई वरिस्ठजनों से आशीर्वाद लेते हुए पार्टी के कनिस्ट कार्यकर्ताओं के पास जाकर उन्हें मिठाई खिलाई।आज मंडल अध्यक्ष सुरेश यादव द्वारा नगर के वरिस्ठ नेता व जिला उपाध्यक्ष संजय सुल्लेरे,नगर परिसद अध्यक्ष सीता सरोज गुप्ता,पूर्व मंडल अध्यक्ष बबलू कुशवाहा,पूर्व नगर परिसद अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा,पूर्व मंडल अध्यक्ष शीलू श्रीवास्तव, पूर्व महामंत्री राजेन्द्र खटीक,पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विशाल यादव सहित नगर के अन्य वरिस्ठ व कनिस्ट कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाई।इस दौरान कई जगह पर मंडल अध्यक्ष का शाल श्रीफल से स्वागत भी किया गया।



# सागर पुलिस ने मोतीनगर थाना क्षेत्र में हुई हत्या का किया खुलासा




परिहार गर्जना न्यूज। सागर। मोतीनगर थाने में फरियादी बृजेश पिता स्व. विमल अहिरवार उम्र 28 साल नि0 सुबेदार वार्ड सागर ने रिपोर्ट लेख कराई कि भाई दीपेश पिकअप से माल ढोने का काम करता था दिनांक 14. 12.2024 के शाम करीब 07.00 बजे तक दीपेश खुरई माल ले जाने को कहकर पिकअप लेकर चला गया था रात करीब 12.00 बजे तक दीपेश के घर न आने पर मैंने दीपेश को फोन किया था जिसने मुझे बताया था कि गल्ला मण्डी के पास पिकअप पंचर हो गई है। जिसक कारण रात करीब 02.00 बजे तक घर आ पाउगा और मैं अपने ऑटो से माल भेजने के लिये ओम कालेश्वर कालौनी पथरिया जाट गया था। आज सुबह करीब 08.00 बजे मेरे घर पर मेरा दोस्त शुभम पटैल आया जिसने बताया कि तुम्होरे भाई दीपेश की लाश पुरानी काली मंदिर के सामने दीवाल के पास पडी है मैंने वहां जाकर देखा तो मेरे भाई दीपेश अरिहवार का शव दीवाल के किनारे पडा था दीपेश के सिर को किसी ने सीमेंट कंकरीट के पत्थर के कुचल दिया है। उक्त सूचना पर थाना मोतीनगर में अपराध क 1370/2024 धारा 103(1), 238,3 (5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

घटना हत्या से संबंधित एवं अत्यंत गंभीर होने से सूचना पुलिस अधीक्षक एवं वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई थाना प्रभारी मोती नगर जसवंत सिंह राजपूत के निर्देशन में अलग अलग टीमें गठित कर आरोपी का पता लगाकर गिरफ्तारी हेतु हर संभव प्रयास किए गए इसी क्रम में संबंधितों से पूछताछ में पता लगा कि वर्ष 2022 में दीपेश के साथ अन्नू चौबे एवं उसके साथियों ने मारपीट की थी। मेरे भाई दीपेश ने उनके खिलाफ रिपोर्ट की थी। जिसका केस न्यायालय में चल रहा है।

दौरान विवेचना प्रकरण में संदेही आरोपीगण को बैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर आरोपीगण 01. अन्नू उर्फ चंद्रकांत चतुर्वेदी (चौबे) पिता रामवचन चौबे उम्र 38 साल नि0 पतंनगर वार्ड सागर 02. कलू उर्फ शिवराज पिता मुन्नालाल लोधी उम्र 32 साल नि0 पंतनगर वार्ड सागर 03. अभय पिता चंद्रभान घोषी उम्र 27 साल नि0 कनेरा देव सागर को पुलिस अभिरक्षा लेकर सूक्ष्मता से पूछताछ करने पर आरोपियों ने मृतक द्वारा पुराने प्रकरण में समझौता न करने से पत्थर पटक कर हत्या कारित करना स्वीकार किया ,आरोपियों द्वारा बताए स्थान से खून से सने कपड़े और जूते जो आरोपी द्वारा घटना के समय पहने गए थे बरामद किए जाकर आरोपी गण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। आरोपीगण अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं जिनके विरूद्ध विभिन्न अपराधिक मामले पंजीबद्ध हैं।

सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी / कर्मचारियों के . नगर पुलिस अधीक्षक यश बिजोरिया. निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत थाना प्रभारी मोतीनगर. उनि ललित बेदी . उनि नंदराम सिंह ठाकुर 05. सउनि राकेश भटट . प्रआर दिनेश कुमार . प्रआर अनिल प्रभाकर . प्रआर जयसिंह राजपूत . प्रआर सुशील राय . प्रआर प्रमोद बागरी. प्रआर जानकी रमण मिश्रा . प्रआर देवेन्द्र कुमार प्रआर सौरभ रैकवार . आर पवन सिंह . दीपक कुमार . आर मंजीत . देवेंद्र शुक्ला . प्रेमकुमरे . आर चंदन . आर नेकराम . योग प्रकाश . देवेन्द्र सुमन . अंचल सेन . गुडडू शर्मा . हरिशचंद्र . धमेन्द्र यादव . अयान खान . उमेश कुमार।

# बीना में क्षत्रिय महासभा की बैठक हुई

परिहार गर्जना न्यूज। बीना। मंगलवार को बीना में क्षत्रिय महासभा की बैठक आयोजित की गई। प्रारंभ में पदाधिकारियों, वरिष्ठों का फूलमाला से स्वागत किया गया। बैठक के दौरान संरक्षक एवं वरिष्ठजनों ने समाज के विकास को लेकर अपना-अपना मत रखा। वहीं क्षत्रिय महासभा सागर अध्यक्ष लखन सिंह ने आगामी कार्यक्रम को बैठक में अपने बिंदु रखे। बैठक में अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि 23 दिसम्बर को सागर में जिला क्षत्रिय युवा सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। उन्होंने उपस्थित युवाओं से आव्हान किया कि युवा क्षत्रिय सम्मेलन में युवा शक्ति सहित सभी क्षत्रिय समाज अधिक से अधिक शामिल हों। क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष लखन सिंह ने बताया कि बामोरा स्टेडियम में आयोजित क्षत्रिय युवा सम्मेलन में नरेन्द्र सिंह तोमर अध्यक्ष विधानसभा मध्यप्रदेश मुख्य अतिथि एवं अनुराग ठाकुर , पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद हमीरपुर अध्यक्षता करेंगे।



## निगमायुक्त ने सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई करने,अतिक्रमण हटाने और गंदगी फैलाने वालों पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। नगर निगम द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम के साथ तीन बत्ती से एमएलबी स्कूल तक सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त न करने की चेतावनी दी और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने बसस्टैंड क्षेत्र में मौजूद अस्थायी दुकानदारों को समझाईश देते हुए कहा कि अगर उनके द्वारा गंदगी फैलाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में एक चाय दुकानदार द्वारा दुकान के सामने गंदगी करने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उस पर जुर्माना लगाया गया साथ ही नगर निगम अधिकारियों ने बस स्टैंड के सामने से लेकर तीन बत्ती तक अतिक्रमण हटाने का अभियान भी चलाया?।

***अतिक्रमण हटाने के निर्देश, गंदगी फैलाने पर की गई 2 हजार रुपए की चालानी कार्यवाही***

नगर निगम आयुक्त ने सिटी स्टेडियम से एमएलबी स्कूल तक के पैदल पथों और मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि रास्ते साफ और अतिक्रमण से मुक्त हों, ताकि नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने सिटी स्टेडियम के पास एक वाहन सर्विसिंग केंद्र संचालक द्वारा गाड़ियों की धुलाई के दौरान निकलने वाले गंदे पानी को सड़क पर बहाने के कारण उस पर 2 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। नगर निगम आयुक्त ने सफाई व्यवस्था के साथ-साथ अतिक्रमण हटाने के अभियान को शहर के अन्य हिस्सों में भी प्रभावी रूप से चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम नागरिकों से भी निगमायुक्त ने अपील की है कि वे सफाई व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और गंदगी न फैलाएं।

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महाकौशल प्रांत द्वारा राष्ट्रीय ग्राहक जागरण पखवाड़े के तहत डिजिटल अरेस्ट एवं साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान का आयोजन



परिहार गर्जना न्यूज। छतरपुर। आज दिनांक 17दिसंबर 2024 दिन मंगलवार को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महाकौशल प्रांत ने जनजागरण हेतु व्याख्यान माला का आयोजन किया! इस आयोजन के मुख्य वक्ता ग्राहक पंचायत महाकौशल प्रान्त के सचिव डॉ. संदीप श्रीवास्तव रहे! कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. स्वाति श्रीवास्तव ने की! भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के समक्ष दीप प्रज्वलित करके ''राष्ट्रीय ग्राहक जागरण पखवाड़ा'' के तहत व्याख्यान माला का शुभारंभ किया गया।

प्रान्त सचिव डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय ग्राहक जागरण पखवाड़ा प्रत्येक वर्ष अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा दिनांक 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक मानता है, जिसमें हम शासकीय कार्यक्रम में ग्राहक पंचायत की सहभागिता, ग्राहक जागरण कार्यशाला, विद्यार्थियों के बीच जन-जागरण, जिला स्तरीय बैठक व सम्मान समारोह ग्राहक सम्मेलन, अभ्यास वर्ग, विद्यार्थी उपभोक्ता समिति का गठन आदि के माध्यम से ग्राहक जागरण का कार्य करतें हैं उसी के अंतर्गत यह डिजिटल अरेस्ट एवं साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान माला हो रही है! जानकारी में ही बचाव है! डॉ. श्रीवास्तव ने वर्तमान समय में चल रहे डिजीटल अरेस्ट संबंधी धोखाधड़ी की जानकारी विभिन्न उदाहरण के साथ स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि आपके बच्चे को जेल का भय दिखाकर, नार्कोटिक्स का प्रकरण बताकर, पार्सल मे अवांछित वस्तु का भय दिखाकर, आपके परिजन को किसी गंभीर अपराध में फसा दिखाकर न केवल आपके शरीर बल्कि आपके मन को भी काबू मे कर लिया जाता है। जिससे पीड़ित व्यक्ति किसी भी तरह से इस समस्या के बाहर आने के लिए कुछ भी करने को तैयार हो जाता है। पुलिस आपकी सबसे घनिष्ठ मित्र है, किसी भी समस्या की सूचना पुलिस प्रशासन को देने से आप समस्या से मुक्ति का पहला कदम उठाते है। सायबर सुरक्षा हेतु आप को अपने बैंक डिटेल्स प्रमाणित साइड्स पर ही उपयोग करना चाहिए। ओ.टी.पी., आधार, पेनकार्ड आदि का उपयोग सावधानी से करना चाहिए एवं सबसे महत्वपूर्ण घर में आई डाक या ऑन लाईन सामग्री के कवर कभी भी कचरे में न फेंके, इसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसलिए सावधानी में ही सुरक्षा है।

## रानी अवंतीबाई लोधी विवि में बैंकिंग के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार व साइबर फ्रॉड से सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

परिहार गर्जना न्यूज। सागर/ भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना के 90 वर्ष पूर्ण होने पर रानी अवंतीबाई लोधी विवि में बैंकिंग के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार व साइबर फ्रॉड से सुरक्षा आदि विषयों पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. शक्ति जैन, मध्यांचल ग्रामीण बैंक, सागर के चैयरमेन प्रवीण अवस्थी व जनरल मैनेजर आर.सी. रेगर ने विद्यार्थियों को बैंक में युवाओं के लिए रोजगार संबंधी जानकारी प्रदान की

भारतीय रिजर्व बैंक, भोपाल (म.प्र.) द्वारा रिजर्व बैंक की स्थापना के 90 वर्ष पूर्ण होने पर उसे यादगार बनाने के लिए उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम% की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी के अंतर्गत रानी अवन्तीयाई लोधी विश्वविद्यालय, सागर में उक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल से आये हुए अधिकारियों ने बैंक में वित्तीय संरक्षण, बैंक लोन, साइबर फ्रॉड, विभिन्न ऑनलाइन पेमेंट, एप्स आदि सुविधाओं और सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की। इस कार्यशाला में केन्द्रीय विद्यालय क्रम 03, कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सागर, कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर तथा विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, कार्यालयीन स्टाफ एवं लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों की उपस्थिती रही। विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. शक्ति जैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई उक्त कार्यशाला में मध्यांचल ग्रामीण बैंक, सागर के चैयरमेन प्रवीण अवस्थी व जनरल मैनेजर आर.सी. रेगर ने विद्यार्थियों को बैंक में युवाओं के लिए रोजगार संबंधी जानकारी प्रदान की। इस दौरान मध्यांचल ग्रामीण बैंक के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# धारदार कुल्हाड़ी के प्रहार कर पत्नी को किया घायल, पति को उतारा मौत के घाट

## अज्ञात आरोपियों का सुराग लगाने में जुटी पुलिस, गांव में फैली दहशत

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले के पलेरा थाना क्षेत्र के गौना गांव में बुजुर्ग दंपति के ऊपर धारदार हथियार से हमला किया गया। घटना में 65 वर्षीय पति की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल है। घटना की जानकारी लगते ही पलेरा थाना पुलिस सहित जतारा एसडीओपी और एसपी भी मौके पर पहुंचे और मामले की पड़ताल शुरू की। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि गौना गांव में बुजुर्ग की हत्या की सूचना मिली थी। थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पूंछतांछ शुरू की। मृतक का नाम बिहारी अहिरवार और उसकी पत्नी का नाम धनकू बाई बताया गया है। उन्होंने बताया कि बिहारी और उसकी पत्नी पर अज्ञात आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला किया है। जिसमें पति की मौत हो गई, जबकि महिला घायल है। उसे इलाज के लिए पलेरा स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। घटना स्थल की जांच के लिए एफ एसएल टीम को मौके पर बुलाया गया है। मोहल्ले वालों से जानकारी जुटाई जा रही है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि पलेरा थाना अंतर्गत गोना गांव में 65 वर्षीय बुजुर्ग बिहारी अहिरवार की अज्ञात कारणों के चलते अज्ञात लोगों ने कुल्हाड़ी से प्रहार कर निर्मम हत्या कर दी। इस हमले में मृतक की पत्नी की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। हमले के बाद से गांववासियों में सनसनी फैली हुई है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से मामले का जल्द खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने पर जोर दिया है। अधिकारियों ने भी ग्रामीणों को जल्दी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। बताया गया है कि पलेरा थानान्तर्गत ग्राम गौना में हुए हमले के बाद से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। इस हमले में पति की मौत होने के साथ ही पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई है। बताया गया है कि सुबह जैसे ही स्थानीय लोगों को और परिजनों को इसकी सूचना लगी, उन्होंने पलेरा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पलेरा पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने घायल अवस्था में पड़ी 62 वर्षीय पत्नी धनकू अहिरवार को घायल अवस्था में पलेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत होने पर पुलिस के साथ जिला अस्पताल इलाज हेतु पहुंचाया गया। बताया गया है कि जिला अस्पताल में घायल महिला का डाक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है। बुजुर्ग महिला बेहोशी की हालत में है, जिससे घटना के बारे में विस्तार से पता नहीं चल सका है। घटना स्थल पहुंचे टीकमगढ़ अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई, जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम, एफ एसएल अधिकारी प्रदीप यादव, डॉग स्क्वायड टीम सहित भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार मृतक के परिजनों ने बताया कि जमीन को लेकर यह हत्या की गई है और इसकी निष्पक्ष जांच की जाए।



***बारीकी से की जा रही जांच-प्रदीप यादव***

एफएसएल अधिकारी प्रदीप यादव का कहना है कि पीएम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि मामला क्या है। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि घटना को लेकर जांच टीम मौके पर है और बारीकी से जांच की जा रही है। जल्द ही इसका खुलासा किया जाएगा। पुलिस लगातार मामले की जांच कर रही है। वहीं सूत्रों की मानें तो मृतक दिल्ली में माली का काम करता था और वहां से रिटायर्ड हुआ, तो पैसे लेकर गांव में मकान बनवाने का काम कर रहा था। मकान का भी काम चल रहा था, तभी यह घटना घटित हुई। फि लहाल पुलिस द्वारा मामले को संज्ञान में लिया गया है और जांच की जा रही है।

***दिल्ली मजदूरी करने गए बेटे-गौतम***

एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि पूंछतांछ में पता चला है कि मृतक के 2 बेटे हैं। दोनों मजदूरी के लिए दिल्ली गए हैं। घर में बुजुर्ग दंपति अकेले रहते थे। दोनों बेटों को घटना की सूचना दे दी गई है। बेटों के आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जा सकेगी। श्री गौतम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री मंडलोई ने भी मौके का निरीक्षण किया है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# लोकायुक्त टीम ने छापा मारकर रिश्वत लेते पंचायत सचिव को दबोचा



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले के लिधौरा तहसील के ग्राम पंचायत खरों में मंगलवार को सागर लोकायुक्त ने छापामार कार्रवाई की। टीम ने पंचायत सचिव चतुर्भुज यादव को 6 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। सचिव ने प्रधानमंत्री आवास की तीसरी किस्त जारी करने के बदले हितग्राही से 9 हजार रुपए रिश्वत मांगी थी। लोकायुक्त निरीक्षक रोशनी जैन ने बताया कि ग्राम पंचायत खरों निवासी मनीराम रजक (51) ने 3 दिन पहले सचिव के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर हितग्राही और सचिव के बीच हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग की गई। जिसमें सचिव को साफ तौर पर रिश्वत की मांग करते पाया गया। इस मामले में सह आरोपी के तौर पर कालीचरण कुशवाहा निवासी ग्राम सुनरई लखनपुर को भी पकड़ा गया है। दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता मनीराम रजक ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास की तीसरी किस्त डालने के बदले सचिव चतुर्भुज यादव ने 9 हजार रुपए रिश्वत मांगी थी। आज रिश्वत के 6 हजार देना तय हुआ। सचिव ने पंचायत कार्यालय में रिश्वत की राशि लेकर बुलाया था। जैसे ही मनीराम ने पंचायत कार्यालय में सचिव को रिश्वत की राशि सौंपी। उसी दौरान लोकायुक्त टीम ने छापा मार कर रंगे हाथों उसे गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान निरीक्षक रोशनी जैन, निरीक्षक रंजीत सिंह सहित लोकायुक्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सामूहिक बलात्कार के फरार तीसरे आरोपी को भी किया पुलिस ने गिरफ्तार

## चंदेरा पुलिस के हाथ लगी बढ़ी कामयाबी

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले के चंदेरा थाना अंतर्गत हुई बलात्कार की वारदात के तीनों आरोपियों को कढ़ी मशक्कत के बाद आखिर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी नीतू खटीक सहित पुलिस टीम ने लगातार दविश देकर कामयाबी हासिल की है। बताया गया है कि इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। आज एक अन्य फरार आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। इस प्रकार से बलात्कार की घटना के तीनों आरोपियों को पकड़ा जा चुका है। चंदेरा पुलिस की कामयाबी के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। बताया गया है कि चंदेरा पुलिस द्वारा लगातार फरार आरोपियों को हवालात की हवा खिलाई जा रही है। यह सनसनीखेज घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई थी। थाना प्रभारी नीतू खटीक सहित पुलिस टीम फरार आरोपी को खोजने के लिए संभावित इलाकों में दविश देती आ रही थी। इसके साथ ही मुखबिर लगाए गए थे। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम ससत्या, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्ग दर्शन में थाना चंदेरा में पंजीवद्ध अपराध 200/24 धारा 137(2), 87, 64, 70(1),127 (2), 127 (3) 4 (2) (एम) बीएनएस, 3/4, 5/6 पोक्सो एक्ट के आरोपी की तलाश हेतु थाना प्रभारी चंदेरा के द्वारा पुलिस टीम बनाकर दविस दी गई। जिसमें पुलिस के टीम के द्वारा बलात्कार के आरोपी चन्द्रभान उर्फ चन्दू यादव पिता राजधर यादव उम्र 46 साल निवासी वीरपुरा को कड़ी मेहनत से दिनउ मंदिर के पास बायपास तिगड्डा जतारा पलेरा मार्ग से 16 दिसम्बर 24 को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से मोटर सायकल जप्त करने के साथ ही वैधानिक कार्यवाही की गई। बताया गया है कि इसके साथ ही दिनांक 17 दिसम्बर 2024 को न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक नीतू खटीक थाना प्रभारी चंदेरा, उनि दयाराम चक्रवर्ती, उप निरीक्षक मयंक नगाइच सायबर सेल प्रभारी, सहायक उप निरीक्षक करन सिहं यादव, प्रधान आरक्षक रहमान (सायबर सेल), प्रधान आरक्षक रामचन्द्र नायक, प्रधान आरक्षक बृजेश शर्मा, आरक्षक योगेन्द्र, वेद प्रकाश शर्मा, दिनेश अहिरवार, भारतेन्द्र, अरविन्द यादव, वीरन यादव, अरुण सेंगर, काशीराम कुशवाहा, दिनेश, बृजेश अहिरवार, महिला आरक्षक अंकिता शर्मा, महिला आरक्षक रुचि जाटव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## वरिष्ठ पत्रकार राधा बल्लभ गुप्ता का आकस्मिक निधन

टीकमगढ़। स्थानीय कटरा बाजार निवासी वरिष्ठ पत्रकार राधा बल्लभ गुप्ता का आकस्मिक निधन हो गया। वह लगभग पचहत्तर वर्ष के थे। नई दुनिया इंदौर के पत्रकार एवं शिक्षा विभाग में कर्मचारी रहे श्री गुप्ता जी वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र गुप्ता के पिताजी हैं। उनके निधन पर पत्रकारों सहित नगरवासियों में शोक छा गया। श्री गुप्ता जी के निधन पर नागरिकों ने शोक व्यक्त करते हुए भावभीनीं श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने वालों में पत्रकार प्रदीप खरे, जितेन्द्र सौनकिया, नरेन्द्र अडज़रिया, आरबी सिंह, मनोज चौबे, मेहबूब खान, अनुराग दीक्षित, विष्णु श्रीवास्तव, आमिर खान, सौरभ खरे, वसीम खान, सुरेन्द्र सिंह परमार, परशुराम प्रभाकर, अकरम खान, सत्तार बाबा, विकास राय, मोहसिन खान, गिरीश खरे, मनीराम कठैल, देवेन्द्र योगी सहित अनेक पत्रकार एवं नगरवासियों के नाम शामिल हैं।

# उथली हीरा खदान में फिर मिला सत्रह कैरिट का पचास लाख का हीरा



ऋषि मिश्रा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/मध्यप्रदेश के पन्ना जिले की रत्नगर्भा धरती ने आज एक गरीब किसान को फिर मालामाल कर दिया है। हीरा की खदानों के लिए प्रसिद्ध पन्ना जिले की उथली खदान से किसान को 17 कैरेट 11 सेन्ट वजन का कीमती हीरा मिला है। यह हीरा पन्ना शहर के रानीबाग निवासी प्रकाश कुशवाहा को कृष्णा कल्याणपुर की पटी हीरा खदान में मिला है। खदान से निकले इस हीरा को किसान ने हीरा कार्यालय में जमा करा दिया है। हीरा कार्यालय पन्ना के हीरा पारखी अनुपम सिंह ने बताया कि रानीबाग पन्ना निवासी प्रकाश कुशवाहा को 17.11 कैरेट वजन का हीरा मिला है, जो जेम क्वालिटी का है। हीरा पारखी ने बताया कि जमा हुए इस हीरे को आगामी नीलामी में बिक्री के लिए रखा जायेगा। बिक्री से प्राप्त राशि में से शासन की रायल्टी काटने के बाद शेष राशि हीरा धारक को प्रदान की जाएगी। हीरे की अनुमानित कीमत पूंछे जाने पर हीरा पारखी ने बताया कि अभी उसकी कीमत नहीं बताई जा सकती। जानकर इस हीरे की अनुमानित कीमत 50 लाख से अधिक रुपये आंक रहे हैं। हीरा धारक किसान प्रकाश कुशवाहा ने बताया कि विगत 7 दिन पूर्व उसने अपने पांच अन्य साथियों के साथ कृष्णा कल्याणपुर स्थित पटी हीरा खदान क्षेत्र में अपनी किस्मत अजमाने के लिए खदान शुरू की थी। अपनी खुशी का इजहार करते हुए इस युवा किसान ने कहा कि सात दिन के भीतर ही उन्हें यह हीरा मिल गया। जिसे हमने नियमानुसार कलेक्ट्रेट स्थित हीरा कार्यालय में आकर जमा कर दिया है। इस हीरे की बिक्री से जो भी पैसा मिलेगा, उससे कोई नया धंधा शुरू करेंगे। गौर तलब है कि पन्ना जिले में अवैध खदाने भी संचालित वन विभाग मे हो रहीं है जिनमे चोरी के हीरा लोगो को मिलते है तो वह वैध खदान दर्शाकर जमा कर देते है।

## पैकेजबंद पेय जल को लेकर शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में कार्यशाला आयोजित

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में दिनांक 16.12.2024 को ‡पैकेजबंद पेय जल विषयक को लेकर प्रश्नोत्तरी तथा कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित छात्र छात्राओं तथा अन्य सभी को पैकेज बंद पेयजल की शुद्धता, गुणवत्ता आदि के संबंध मे विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्राचार्य अरविंद त्रिपाठी तथा अन्य लोगो द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात संस्था में गठित बीआईएस क्लब के सदस्यों के द्वारा पैकेजबंद पेय जल विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें प्रतिभागियों द्वारा एक घंटा का समय लेकर प्रश्नो का हल करते हुए उत्तर दिया गया। बीआईएस क्लब मानक मित्रों द्वारा हल किए गए प्रश्न पत्र तथा उत्तरों का परीक्षण किया गया तथा परीक्षण उपरांत प्रतिभागियों में से प्रथम स्थान सुश्री अलफिया अंजुम खान, द्वितीय स्थान आकाश सेन, तृतीय स्थान सुश्री रचना द्विवेदी तथा चतुर्थ स्थान पर आने वाले शनि अवस्थी को नकद पुरुस्कार से संस्था प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन संस्था के विभाग प्रमुख उत्कर्ष कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया तथा समन्वयक संस्था की अतिथि व्याख्याता सुश्री शिवांगी जैन एवं हरगोविंद कुर्मी रहे। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षीय उद्बोधन संस्था प्राचार्य अरविंद कुमार त्रिपाठी द्वारा दिया गया। इस दौरान संस्था के राकेश द्विवेदी, हरीश पाठक, देबव्रत चतुर्वेदी, ब्रजेश त्रिपाठी, मूलचंद सिंह तथा समस्त संस्था स्टाफ एवं छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

## अनुसूचित जाति वर्ग से विधायक डॉ. राजेश वर्मा को मंत्री बनाये जाने की उठी मांग

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले के गुनौर विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा को मंत्री मंडल में शामिल किये जाने को लेकर समाज के विभिन्न वर्गो द्वारा मांग उठाई जा रही है तथा उन्हे मंत्री बनाकर गुनौर विधानसभा क्षेत्र का विकास सुनिश्चित कराने की मांग की जा रही है। गौरतलब है कि डॉक्टर राजेश वर्मा लगातार जनता के बीच में रह कर कार्य कर रहें है तथा आम जनता के मुद्दो को बढ़ चढ़ कर सड़क से लेकर सदन तक उठा रहें है। ज्ञात हो कि पन्ना जिले की गुनौर विधानसभा क्षेत्र से आज दिनांक तक प्रदेश के मंत्री मंडल में स्थान नहीं दिया गया है, तथा हमेशा उपेक्षा हुई है जिससे गुनौर विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास भी नहीं हो पाया है। वर्तमान समय में डॉक्टर राजेश वर्मा सक्रियता के साथ क्षेत्र के विकास के लिए मेहनत कर रहे है, यदि उन्हे मंत्री मंडल में स्थान दिया जाये तो निश्चित रूप से गुनौर विधानसभा क्षेत्र के विकास में नये आयाम जुड़ने की पूर्ण संभावना है। स्थानीय लोगो ने तथा जिले के समस्त वर्गो ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से मंत्री मंडल मे स्थान देने की मांग की है। उक्त मांग को आंगे बढाते हुए पन्ना जिले के साहित्यकार, समाजसेवी लक्ष्मी नारायण चिरोलया तथा राजपत्रित अधिकारी संघ के जिला प्रवक्ता डॉक्टर एम पी पान्डेय ने उक्त मुद्दे को प्रमुखता के साथ उठाते हुए कहा कि श्री वर्मा को मंत्री मंडल में स्थान दिया जाये, जिससे पिछड़े हुए गुनौर विधानसभा क्षेत्र मे नये आयाम विकास के जुड़ सकें।

## सेवा निवृत्त प्रोफेसर एस एस राठोर की धर्मपत्नी श्रीमती माया सिंह का दुःखद निधन

पन्ना/शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना के सेवानिवृत प्रोफेसर बीटीआई के समीप निवासरत एस एस राठौर की धर्मपत्नी श्रीमती माया सिंह का लंबी बीमारी के बाद दिल्ली में उपचार के दौरान 15 दिसंबर को निधन हो गया वह 58 वर्ष की थी। श्रीमती सिंह का अंतिम संस्कार 16 दिसंबर को प्रयागराज में किया गया श्रीमती सिंह के निधन हो जाने पर महाविद्यालय के प्राचार्य सभी प्रोफेसर कर्मचारी, स्टाप एंव नगर के गणमान्य नागरिको, पत्रकारो, साहित्यकारो ने गहन दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का धरना प्रदर्शन कल

पन्ना/प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन मध्य प्रदेश के तत्वाधान में पूरे प्रदेश भर समस्त जिलों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन होगा। 19 दिसंबर 2024 दिन गुरुवार को धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम होना है उसमें जिले के प्रत्येक संचालक सम्मिलित होंगे। मान्यता के संबंध में ही आय दिन नए नियम लागू किये जा रहे हैं। जिसमे समस्या रजिस्टर्ड किरायानामा दूसरी 250 छात्रों तक 30 हजार की एफ डी 250 बच्चों से ज्यादा संख्या होने पर 40 हजार की एफ डी और प्रत्येक वर्ष की मान्यता के लिए 4000 वार्षिक फीस यानि 3 वर्ष की मान्यता के लिए 12000 रूपये इन आदि समस्याओ को लेकर मुख्यमंत्री के नाम के ज्ञापन सोपा जाएगा। इस संबंध में संगठन के जिला अध्यक्ष प्रवीण यादव ने बताया कि विभिन्न समस्याओं को लेकर एक जुटता के साथ लड़ाई लड़नी होगी 19 दिसंबर को मुख्यमंत्री जी भी पन्ना आ रहे हैं ज्ञापन हम लोग सीधे मुख्यमंत्री जी देकर अपनी समस्या बताकर उनसे निवेदन करेंगे कि हम आपके उद्देश्यों की ही पूर्ती कर रहे कम पैसे मे बच्चों को शिक्षित कर रहे और शिक्षित बेरोजगारों को गलत रास्ते मे जाने से रोक कर रोजगार दे रहे हैं आदि बहुत बातें हैं इसलिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के लिए संख्या बल की बहुत बड़ी भूमिका होगी इस कार्य एक एक संचालक के सहयोग से ही सफल हो सकता है।

# रेत से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटा बाल बाल बचा चालक

दयाशंकर दीक्षित

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के अजयगढ़ क्षेत्र की केन नदी से रेत को अवैध रूप से लोड कर पन्ना नगर में बेचने वाले ट्रैक्टर ट्रॉलियों के नौसिखिया ड्राइवरों की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। इसी प्रकार 17 दिसंबर 2024 को सुबह अजयगढ़ तरफ से पन्ना की ओर आ रहा रेत से ओवरलोड एक लाल रंग का ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर ग्राम माझा के पास पलट गया किसी तरह ड्राइवर ने अपनी जान बचाई और राह से गुजर रहे कुछ लोग भी बाल बाल बचे, इस तरह की घटनाएं आए दिन की बताई जा रही हैं इसके बावजूद रेत का ओवरलोड परिवहन करने वाले ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर रोक नहीं लग रही जिससे राहगीरों पर खतरा मंडराता रहता है।



## निर्माणाधीन कांग्रेस भवन के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दी पांच लाख की सहयोग राशि

परिहार गर्जना न्यूज। परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना नगर के इन्द्रपुरी कालोनी में विगत 37 वर्ष से जिला कांग्रेस कमेटी का निर्माणाधीन कार्यालय अधुरा पड़ा हुआ था, जिसका शिलान्यास सन् 1987 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा के द्वारा किया गया था। उक्त कार्यालय के निर्माण कार्य में तत्कालीन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष स्वर्गीय विजय कुमार जैन एवं तत्कालीन ग्रहमंत्री स्वर्गीय कैप्टन जयपाल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं है। किन्ही कारणो बस उक्त कार्य उस समय नहीं हो पाया, बीच में फिर से 1995 में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्गविजय सिंह के शासन काल मे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भास्कर देव बुन्देला द्वारा भी कराया गया था। लेकिन उक्त कार्य फिर रूक गया था, जो लगभग तीस साल से अधुरा ही पड़ा हुआ है। जो अभी विगत दो माह पूर्व वर्तमान अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा के द्वारा सभी के सहयोग से कार्य प्रारंभ कराया गया तथा निर्माण कार्य कराते हुए भवन का छत का कार्य पूर्ण हो गया है। उक्त निर्माण कार्य में पार्टी के अनेक लोगो द्वारा सहयोग किया जा रहा है। अभी विधानसभा घेराव का कार्यक्रम 16 दिसम्बर को भोपाल मे आयोजित किया गया था इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तथा अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा जिला कार्यालय के निर्माण के संबंध में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से मुलाकात की तथा कार्यालय निर्माण के संबंध मे चर्चा की गई, मामला प्रदेश अध्यक्ष के संज्ञान में आते ही उन्होने कार्यालय निर्माण के लिए तत्काल पांच लाख रूपये देने के तत्तकाल निर्देश दिये। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें मुख्य रूप से जिला प्रभारी संजय यादव, पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी, रवि जोशी, नीरज दीक्षित, पार्षद वैभव थापक, रेहान मोहम्मद, राज बहादुर पटेल, मार्तण्ड देव बुंदेला, सरदार सिंह यादव, अंकित शर्मा, जीतू यादव, दिलीप गुर्जर आदि मौजूद रहे।



## मंदिर निर्माण में बाधा डालने वालो पर कार्यवाही करने एसडीएम को दिया आवेदन



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना नगर के बेनी सागर मोहल्ला की प्रजापति बस्ती में प्राचीन देवी मां के मंदिर में जीर्णोद्धार में कुछ लोगों के द्वारा बाधा डालने जाने से विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। बताया गया है कि प्रजापति समाज के लोग आपस में चंदा कर मंदिर का जीर्णोद्धार कर रहे थे तभी दिनेश द्विवेदी एवं अन्य लोग बाधा डालने लगे, बुजुर्गो ने समझाने का प्रयास किया लेकिन विवाद बढ़ता देख प्रजापति समाज के सैकड़ों लोग एसडीएम कार्यालय पहुंच गए और मामले की शिकायत कर निराकरण की मांग की। एसडीएम संजय कुमार नागवंशी ने दूसरे पक्ष को बुलाकर समझाइश दी। प्रजापति समाज के लोगों ने बताया कि माता आंत कुमारी का सदियों पुराना मंदिर एवं दिवाला जर्जर होने पर हम लोग आपस में चंदा कर जीर्णोद्धार करवा रहे हैं जिसमें दिनेश द्विवेदी आदि लोग आपत्ति जता रहे हैं, इस लिए प्रशासन से निराकरण की उम्मीद लेकर आए हैं।

# दमोह जबलपुर एनएचएआई पर पेंच वर्क अटका खुले गड्ढे वाहन चालकों के लिए बने मुसीबत, आए दिन हो रहे हादसे





**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। नोहटा। दमोह जबलपुर एनएचएआई 34 पर खुले गड्ढे वाहन चालकों के लिए बने मुसीबत,बन गए और आए दिन हादसे हो रहे है वावजूद इसके पेंच वर्क का कार्य अपनी मंद गति से चल रहा है दमोह से लेकर जबेरा सिग्रामपुर गुबरा पर खुले गड्ढे लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। बीते दिनों जलहरी कालोनी के पास इन गड्ढों की वजह से एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर एक मोटरसाइकिल सवार दो सगे भाइयों को कुचल दिया जिनकी मौके पर मौत हो गई थी आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएचएआई पर करीब 2 घंटे जाम लगाया था और प्रशासन के द्वारा गड्ढों की मरम्मत करवाने का आश्वासन मिलने के बाद जाम खोला गया था लेकिन 24 करोड़ की लागत से पैच वर्क करने वाली कंपनी के द्वारा मार्ग पर बने गड्ढे सिर्फ साफ करके खुला करीब एक पखवाड़े से छोड़ रखा है जहां वाहन चालकों को दुर्घटनाओं के लिए निमंत्रण दे रहे हैं तो वहीं छोटे वाहन चालकों के लिए ये गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं। पहले से गड्ढों की मुसीबत झैल रहे वाहन चालकों और आमजन के लिए मुसीबत बने हुए हैं। इनसे वाहन चालकों को हर समय दुर्घटना होने का भय रहता है। पूरी सड़क गड्ढे गड्ढे खुले पड़े है जो कि सहज ही दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है। यहां से रोजाना दमोह से जबलपुर और जबलपुर से दमोह की ओर हजारों वाहन निकलते हैं। वाहन अकसर इन गड्ढों के बीच से होकर निकलते हैं, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। बता दें 24 करोड़ की लागत से दमोह से गुबरा तक सड़क का पेंच वर्क का कार्य 1 दिसंबर से किया जाना था लेकिन पैच वर्क करवाने वाली श्री राम मलैया कंपनी के द्वारा गड्ढों के अंदर का मटेरियल निकालकर छोड़ दिया और इसमें डामर करने का कार्य धीमी गति से चल रहा है जिससे यह गड्ढे वाहन चालकों एवं आम जनों के लिए मुसीबत बने हुए है।

एसडीएम तेंदूखेड़ा सौरभ गंधर्व का कहना है मैं आज ही दिखवाता हूं पैच वर्क के कार्य धीमी गति से क्यों किया जा रहा संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात करके शीघ्रता से पैच वर्क का कार्य करवाने के लिए बोलता हूं।

## एक ही जमीन की अनेक रजिस्ट्री होने पर स-प्रमाण शिकायत कर सकते हैं शिकायत पर तत्काल कार्रवाही की जायेगी-कलेक्टर श्री कोचर

दमोह 17 दिसम्बर । मान लीजिए कभी ऐसी शिकायतें आती हैं की एक ही जमीन की अनेक रजिस्ट्री हो गई या फिर फर्जी रजिस्ट्री की बात आती है, इसमें विषय में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आमजन से कहा है, कोई भी शिकायत कर्ता हमारे पास आकर के लिखित में स-प्रमाण शिकायत कर सकते है। उस शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जायेगी।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा रजिस्टर्ड ऑफिस की अपनी व्यवस्थाएं है, वह जो वर्क करते हैं बेसिकली शासन को कर राजस्व वहाँ से प्राप्त होता है, तो उनकी जिम्मेदारी एक सीमित जिम्मेदारी है, जिसमें वह बेसिक डाक्यूमेंट्स की वैलिडिटी को चेक करते हैं। लेकिन यदि कोई फ्रॉड की स्थिति बनती है तो निश्चय ही अधिकारियों के समक्ष उसकी शिकायत की जानी चाहिए, ताकि उसकी जांच करके नियमानुसार दण्ड संबंधितों को दिया जा सके।

## केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत ग्राम कुंवरपुर, छेलवा दुबे, रसोटा, हरदुआ घाट सहित विभिन्न ग्रामों में निकाली गई कलशयात्रा

**स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता का भी हुआ आयोजन**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 17 दिसम्बर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गए निर्देशों के क्रम में केन बेतवा लिंक परियोजना के सबंध में लाभान्वित होने वाले ग्रामों में परियोजना की जानकारी दी जा रही हैं। इस सम्बंध में एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम ने बताया मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से ग्राम कुंवरपुर में केन बेतवा लिंक परियोजना कलशयात्रा निकाली गई। साथ ही रंगोली बनाई गई।

इसी प्रकार तहसील पटेरा अंतर्गत छेलवा दुबे, रसोटा, हरदुआ घाट और तहसील हटा अंतर्गत बिजवार, रसीलपुर, कुंवरपुर और कांटी में कलश यात्रा निकाल कर आमजन को जागरूक किया गया। एसडीएम हटा ने बताया स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। साथ ही केन बेतवा लिंक परियोजना से होने वाले लाभ लोगो को बताए गए।

# यदि हम अपनी जिंदगी में कुछ आदतें बदल पाये तो तन,मन और जीवन का कचरा भी साफ कर पायेंगे-कलेक्टर श्री कोचर

## -दमोह को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग की विद्यार्थियों से अपेक्षा
## -सेंट जॉन्स सीनियर सेकेण्डरी विद्यालय में कलेक्टर श्री कोचर ने की विद्यार्थियों से चर्चा

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 17 दिसम्बर। स्वच्छता पर बात बच्चों के साथ कार्यक्रम में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने स्थानीय सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में कचरे के प्रबंधन के संबंध में विद्यार्थियों से बात करते हुये दमोह को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग की अपेक्षा की। कलेक्टर श्री कोचर ने तन की सफाई, मन की सफाई तथा जीवन की सफाई पर बोलते हुए विद्यार्थियों से कहां की आप जिस क्षेत्र में भी अपना लक्ष्य निर्धारित करें, उसमें सर्वश्रेष्ठ बनने का प्रयास करें। उन्होंने कहा विद्यार्थियों की मेहनत कभी बेकार नहीं होगी तथा विद्यार्थी जो भी कार्य करेंगे श्रेष्ठ कार्य करने पर मन को प्रसन्नता होगी तथा समाज को कुछ दे पाएंगे। छात्र-छात्रायें तथा महिला-पुरुष तभी सहजता से एक दूसरे के साथ उठ-बैठ सकेंगे जब लोगों का मन स्वच्छ होगा।




कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा मैं अगली पीढ़ी को इस अभियान से जोड़ना चाहता हूं, यदि हम अपनी जिंदगी में कुछ आदतें बदल पाए तो तन का कचरा भी साफ कर पाएंगे, मन का कचरा भी साफ कर पाएंगे और जीवन का कचरा भी साफ कर पाएंगे। पहला पॉइंट है तन का कचरा इसका मतलब हम आसपास जो कचरा देखते हैं वह है, आप अपनी जिंदगी में बहुत छोटे-छोटे काम उठाएं जैसे कि स्विच ऑफ करना, घर से या स्कूल से निकलते समय देखें कि यदि कोई लाइट और पंखा फालतू चल रहा है तो तुरंत उसका स्विच ऑफ कर दें, जब भी घर में, किसी ऑफिस में, किसी शॉप में या शादी में जाते हैं, वहां पर हाथ धोने के लिए वॉश बेसिन लगा हुआ रहता है, यदि उसमें नल खुला हुआ है तो उसका टेप तुरंत बंद करना चाहिये, नल से पानी भरते समय नल को ज्यादा नहीं खोलना है, यह सब आप आसानी से कर सकते है, यह सब बिल्कुल कठिन नहीं है। यदि यह दो चीज आप अपनी जिंदगी में लेकर आ गए तो इस देश के लिए बहुत बड़ा योगदान होगा। तीसरी चीज है कचरा, कचरा इधर-उधर नहीं फेंकना है हमारी आंखें डस्टबिन को ढूंढे, हम कहीं पर भी जाएं हमारी आंखों को डस्टबिन या कचरा गाड़ी देखनी चाहिए और यदि कहीं पर डस्टबिन नहीं दिखता है तो उस चिप्स के रेपर को जहां पर डस्टबिन देखेगी वहां पर उसको डाल दें।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जब भी कोई त्यौहार आते हैं, हमारे घर में पूजा होती है पूजा होने के बाद पूजन सामग्री को एक पॉलिथीन में बंद करके तालाब में नदी में फेंक देते हैं, जिससे वह पानी दूषित होता है, इसे निकालने के लिए बहुत पैसा खर्च करना पड़ता है और बहुत एफर्ट करना पड़ता है। इस बारे में आप ध्यान दें और अपने पेरेंट्स से %नो% कहना सीखे कि हम बिल्कुल नहीं फेंकेंगे, तालाबों के किनारे हमने विसर्जन कुंड बनाए हुए हैं, उनमें ही पूजन सामग्री डालें, इन चीजों में आप अभी से एक्शन ले सकते हैं।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जीवन का कचरा साफ करना, यह वही उम्र है जब आपको यह डिसाइड करना है, कि आप अपने जीवन से क्या चाहते हैं, क्या बनना चाहते हैं, कहां जाना चाहते हैं। अब स्कूल परसेंटेज बनाने की फैक्ट्री नहीं है, स्कूल कांसेप्चुअल क्लेरिटी की फैक्ट्री है, यदि आपने कॉन्सेप्ट अच्छे से क्लियर कर लिए तभी आप कॉम्पिटेटिव एक्जाम में पास हो पाएंगे, चाहे वह इंडिया की कोई सी भी कॉम्पिटेटिव एक्जाम हो। उन्होंने कहा हमें नंबर वन नहीं बनना है सिर्फ वन बनना है, सिर्फ वन बनने का मतलब है कोई भी काम छोटा बड़ा नहीं है, जरूरी नहीं है कि आप सब में से हर छात्र-छात्रायें कलेक्टर ही बनें, यदि आप सेफ भी बनते हैं तो सिर्फ वन सेफ बनिए, नंबर वन नहीं, आप कुछ भी करें अपनी जिंदगी में कोशिश करना कि सिर्फ वन बनाना है, नंबर वन बनने में प्रॉब्लम्स है, कॉम्पिटिशन है, लेकिन सिर्फ वन बनने में कोई प्रॉब्लम नहीं है। उन्होंने कहा कोशिश करिए अपनी जिंदगी में तन का कचरा, मन का कचरा और जीवन का कचरा यदि हम साफ कर पाए तो हमारी जिंदगी सफल हो जाएगी।

इस अवसर पर सहायक परियोजना समन्वयक मोहन राय ने सूक्ष्मजीवों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया सूक्ष्मजीव जहां एक ओर हमारे शरीर में विभिन्न बीमारियां पैदा करते हैं वहीं दूसरी ओर कचरे के प्रबंधन में सूक्ष्मजीवों का अत्यंत महत्व है, यह पेड़ पौधों तथा जंतुओं के अवशेष को कंपोस्ट में बदलकर पर्यावरण संरक्षण में हमारी मदद करते हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका दमोह से कलीम खान, सेंट जॉन्स विद्यालय की प्राचार्य, समस्त स्टाफ एवं कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गोशाला संचालकों के लिए जारी हुई नई गाइड लाइन, अब मृत गायों का भी रखना होगा रिकॉर्ड

## मानक के अनुरूप करना होगा गायों का अंतिम संस्कार

**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा मै मिले 40 गौ अवशेषों से मथुरा प्रशासन मै हड़कंप मचा हुआ है जो सरकारी महकमा गौ शालाओं को अपने हाल पर छोड़ दफ्तरों मै अपनी कुर्सी गरम करता रहता वो सभी आज भागदौड़ मै लगे हुए और ताबड़तोड़ कार्यवाही करना प्रारंभ कर दिया है।



मथुरा मार्ग स्थित धौरैरा के जंगल में मृत मिले गोवंश और उनके अवशेष पर गोरक्षकों द्वारा किए गए हंगामा के बाद पशु चिकित्सा विभाग ने गोशालाओं के लिए एसओपी जारी की है। इसमें गोशाला में गोवंश के मरने पर उसके अंतिम संस्कार की प्रक्रिया एक मानक के अनुरूप करनी होगी। इसका रिकॉर्ड गोशाला संचालकों को रखना होगा।

गोशाला संचालकों और गोपालकों द्वारा जंगल में खुले में गोवंश के शव को डाले जाने का मामला सामने आने के बाद मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विपिन कुमार गर्ग ने सभी गोशालाओं को एसओपी जारी की है। उन्होंने बताया कि यदि गोशाला में किन्ही कारण गाय मर जाती है तो उसका रिकॉर्ड रखना होगा। उसके अंतिम संस्कार संबंधी जानकारी विभाग को देनी होगी।

गोशाला संचालकों को हिदायत दी गई है कि गोवंश का अंतिम संस्कार नियत स्थान पर मानकों के अनुरूप किया जाए। इसमें दो मीटर गहरा गड्ढा खोदकर उसमें मृत गोवंश के साथ नमक और चूना डालकर अंतिम संस्कार किया जाए। इसके अलावा गोवंश को पर्याप्त चारा और समय के अनुसार खाद्य वस्तुएं दी जाएं। मानक के अनुरूप कार्य नहीं करने पर ऐसे गोशाला संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

इस तरह की ताबडतोड कार्यवाही से अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रशासन अभी अपने पुराने रवैए पर ही काम कर रहा है जब कोई बड़ी घटना घटित हो जाय तब जा कर कार्यवाही और सुधार के रास्ते पर काम करती है यही काम अगर समय रहते पहले ही कर लिए जाते तो इस तरह का माहौल नहीं बनता।

# रोमेक्स इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्य श्रीमती प्रिया चौधरी पीएचडी उपाधि से अलंकृत

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। जीएलए विश्वविद्यालय के 13 वें दीक्षांत समारोह में मंगलवार को मथुरा के प्रतिष्ठित रोमेक्स इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्य श्रीमती प्रिया चौधरी को विद्या वाचस्पति (पीएचडी) की उपाधि से मंच पर अलंकृत किया गया।



श्रीमती प्रिया ने अपना शोध प्रबंधन में मानव संसाधन( मेनेजमेंट में HR) विषय पर किया है। यह शोध जीएलए विश्वविद्यालय के प्रबंधन विषय की प्रोफेसर अंकिता सक्सेना के अधीन किया है। श्रीमती प्रिया इस समय रोमेक्स स्कूल के चेयरमेन एसपी सिंह की पुत्रवधू है। वह भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी एडवोकेट की बहन है। विद्यालय का संचालन बहुत ही सुचारू रूप से कर रही हैं साथ में डिग्री लेते समय साथ रहे डायरेक्टर कृष्ण सिंह ,आकाश शर्मा एडवोकेट, शिवानी सिकरवार, राजकुमारी चौधरी, गोपाल चौधरी, पार्षद घनश्याम चौधरी आदि मौजूद रहे।

# अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए ग्राम वासियों ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन




**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। जिला मुख्यालय के नजदीक स्थित ग्राम असाटी में खुलेआम हो रही अवैध शराब की बिक्री को रोकने के लिए आज कई ग्राम वासियों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर अवैध शराब की बिक्री को रोके जाने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सोपा। ग्राम असाटी के निवासियों ने अवैध शराब बिक्री को रोके जाने के लिए दिए गए ज्ञापन में बताया कि हमारे ग्राम असाटी में कई स्थानों पर अवैध शराब बेची जा रही है जिसके चलते ग्राम का माहौल खराब हो रहा है तथा अवैध शराब की बिक्री कर रहे विक्रेताओं को जब रोका जाता है तो उनके द्वारा भी अभद्रता की जाती है ऐसे में प्रतिदिन ग्राम में लड़ाई झगड़ा हो रहे हैं तथा किसी बड़े हादसे की भी आशंका रहती है। ग्राम वासियों ने बताया कि पूरे ग्राम में खुलेआम चबूतरे पर रखकर देसी और विदेशी शराब बेची जा रही है जिससे ग्राम के कई घर एवं युवा अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। ग्राम वासियों ने कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में मांग की है कि ग्राम में अवैध शराब की बिक्री को तत्काल रोका जाए। ज्ञापन देने वालों में कई ग्रामवासी शामिल रहे।

# पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का त्रैवार्षिक अधिवेशन 20 दिसंबर को

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ मथुरा का जनपदीय त्रैवार्षिक अधिवेशन / शैक्षिक संगोष्ठी 20 दिसंबर को मथुरा में आयोजित होगा । जिसमें जनपद मथुरा के पूर्व में निर्वाचित विकास खंड स्तर पर शिक्षक प्रतिनिधि , संघ के पदाधिकारियों सहित लगभग पांच सौ से अधिक शिक्षक - शिक्षिकाएं प्रतिभाग करेंगे ।

उक्त अधिवेशन की तैयारी हेतु पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है । इसके तहत 20 दिसंबर को प्रात: 10 बजे से शैक्षिक संगोष्ठी आयोजित होगी । जिसमें जनपद की शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन विषय पर विस्तृत चर्चा होगी तथा संघ द्वारा सभी शिक्षकों से आवाहन किया जाएगा कि जनपद की शैक्षिक गुणवत्ता में वृद्धि हेतु लगातार प्रयास किए जाए । अधिवेशन में जनपद के अधिकारियों द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए जाएंगे । इसके उपरान्त संघ का खुला अधिवेशन होगा । जिसमें संघ के विगत कार्यकाल की समीक्षा सहित समस्त विवरण शिक्षकों के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे । अधिवेशन के पश्चात जिला कार्य समिति के निर्वाचन की कार्रवाई संपादित होगी जिसमें नामांकन के पश्चात यदि आवश्यक हुआ तो 21 दिसंबर को वोट डाले जाएंगे । मत गणना के बाद परिणाम घोषित किया जाएगा तथा निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह होगा ।

अधिवेशन में संघ के राष्ट्रीय / प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी , प्रदेश महामंत्री नरेश कौशिक , प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह , प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र सारस्वत सहित अनेकों शिक्षाविद एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रहेगी । संघ के जिला अध्यक्ष अतुल सारस्वत , जिला महामंत्री लक्ष्मी नारायण , जिला कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा , जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार सारस्वत , नीलम गौड़ , बदन सिंह यादव , अरविंद शर्मा , सुजीत वर्मा ने जनपद के सभी शिक्षकों से अधिवेशन में प्रतिभाग करने की अपील की है । अधिवेशन की संपूर्ण तैयारी सभी विकासखंडों के अध्यक्ष मंत्रियों तथा पदाधिकारी द्वारा की जा रही हैं जिसमें हेमंत कुमार , अनुराधा सिंह , मुरारी लाल शर्मा , राजेश चौधरी , भगवान सिंह, राजेंद्र सिंह छोकर , कृष्ण कुमार चौधरी , लोकेंद्र प्रसाद मिश्रा , देवेंद्र कौशिक , योगेंद्र गौतम , के के चौधरी, मोनिका शुक्ला , कप्तान सिंह राजोरा , मनीष वर्मा ,राजकुमार शर्मा, नंद किशोर गुधेनिया , सुशेंद्र मित्तल , ब्रजवीर भरंगर , धर्मेंद्र कुमार शर्मा , उमेश शर्मा, कृष्ण पाल सिंह , सिद्धार्थ, ज्योतिवीर, कृष्णा चंदुल , राज कुमार , शिव कुमार पचौरी, हरीश कुमार सिंह आदि द्वारा की जा रहीं हैं ।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अन्तर्गत शिविर का आयोजन

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। मुख्य मंत्री मोहन यादव मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश में ग्राम पंचायत सिंदूर सागर (गढ़ कुंडार) में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अन्तर्गत शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर में बड़ी मात्रा में ग्रामीण जनों ने आकर शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में अपने आवेदन प्रस्तुत पंजीयन कराया एवं हितग्राहियों को मंच से शासन की विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रमाण पत्र वितरित किए।

इस अवसर पर सरपंच शिवराम तिवारी (शैलू),जनपद पंचायत सीईओ ब्रह्म स्वरूप हंस,उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग राघव पटसरिया,राकेश प्रजापति नायब तहसीलदार तरीचरकला,PWD एसडीओ सचिंद्र चौरसिया, सचिव श्रीमती राखी तिवारी, सहायक सचिव अनुराग तिवारी सहित जनप्रतिनिधि,गणमान्य नागरिकों और युवाओं की उपस्थिति रही। शासन की योजनाओं को लेकर आम जनमानस ने मध्य प्रदेश शासन एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# शासन की बेशकीमती भूमि से अवैध कब्जा हटाने की लगाई गुहार

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी- जिला मुख्यालय की ग्राम पंचायत उरदौरा निवासी विधवा श्रीमती नीलम राय पत्नी स्वर्गीय अशोक राय के साथ लगभग एक दर्जन पीड़ितों ने जनसुनवाई में कलेक्टर के समक्ष गुहार लगाई है कि शासकीय भूमि जिसका खसरा नंबर 116 है तथा इसी खसरा नंबर में शासकीय कुआं है जिससे लगभग एक दर्जन किसानों की फसल को पानी का लाभ मिलता है, कुछ महीनो पूर्व ग्राम पंचायत उरदौरा निवासी राजेंद्र राय पिता बाबूलाल राय द्वारा शासन की बेशकीमती जमीन पर अवैध निर्माण कर दीवाल खड़ी कर दी गई जिससे लगभग एक दर्जन किसानों के खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है इसलिए इस जमीन से अवैध अतिक्रमण हटवाया जाए। यह जमीन नेशनल हाईवे पर स्थित होने के कारण अतिक्रमणकारी की मंशा पर भी सवालिया निशान लग रहा है और इस जमीन के मामले में तहसीलदार द्वारा 12 जुलाई 2024 को अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी कर दिया गया था परंतु कोई कार्यवाही नहीं की गई और तहसीलदार के आदेश का पालन नहीं किया जाना भी संबंधित कर्मचारियों की सांठ गांठ को उजागर करता है। जनसुनवाई में गुहार लगाने के लिए नीलम राय के साथ लक्ष्मी प्रसाद राय दिनेश राय धीरेंद्र यादव पंकज यादव श्रीमती साधना राय शुभम राय प्रसून राय मलखान आदिवासी दिलीप आदिवासी शामिल रहे।

# खाद न मिलने से नाराज किसानों ने छतरपुर-पन्ना हाइवे पर फिर किया चक्काजाम

## नायाब तहसीलदार की समझाइश पर शांत हुए किसान, कालाबाजारी के आरोप



बमीठा। क्षेत्र के किसानों को यूरिया खाद की आवश्यकता है, यूरिया खाद की रैक से दो दिन पहले बमीठा वेयरहाउस को 258 टन खाद मिला था, जिसके बाद सोमवार की सुबह 7 बजे से टोकन लेने के लिए किसानों की लंबी कतारें लग गए थे। करीब एक हजार से अधिक किसान शाम तक दो बोरी खाद के लिए भूखे-प्यासे खड़े रहे लेकिन शाम तक करीब 130 किसानों को ही खाद मिल सका, जिससे नाराज होकर किसानों ने सोवमार की शाम को छतरपुर-पन्ना हाइवे पर चक्काजाम कर दिया था।

सोमवार की शाम को नायब तहसीलदार की समझाइश पर किसान शांत हो गए थे लेकिन मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे एक बार फिर किसानों ने चक्काजाम कर दिया। किसानों के प्रदर्शन से नेशनल हाइवे पर करीब एक घंटे तक सैकड़ों वाहन दोनों ओर रुके रहे। प्रदर्शनकर रहे किसानों ने बताया कि वे सुबह बिना भोजन के टोकन लेने के लिए आ गए थे लेकिन वेयरहाउस प्रबंधक द्वारा अपने परिचित लोगों और कुछ दुकानदारों को खाद दिया जा रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि प्रबंधक द्वारा दुकानदारों और अपने परिचितों को 20 से 30 बोरी खाद दिया जा रहा है, जबकि आम किसान कतारों मे ही खड़े हुए हैं। करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार की समझाइश पर किसान शांत हुए और नायब तहसीलदार ने अपनी उपस्थिति में यूरिया वितरण शुरू कराया।

# कलेक्टर ने केन-बेतबा लिंक राष्ट्रीय परियोजना के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## लाभांवित ग्रामों में परियोजना के लाभ की मिलेगी जानकारी

छतरपुर। केन बेतवा लिंक परियोजना के जागरूकता प्रचार रथ का छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार रथ विकासखण्ड लवकुशनगर एवं राजनगर में अगले सप्ताह तक चलेगा और इसी तरह अन्य विकासखण्ड से होते हुए जाएगा। ताकि इस परियोजना का जन जन तक प्रचार-प्रसार हो सके और लोगों को परियोजना के लाभ की जानकारी मिल सके। केन-बेतवा लिंक परियोजना भारत की पहली नदी जोड़ो परियोजना है। इसमें छतरपुर के कुल 688 ग्राम लाभान्वित होंगे। प्रचार रथ के माध्यम से एलईडी द्वारा परियोजना के बारे में प्रचार प्रसार किया जाएगा। आगामी समय में बुन्देलखण्ड के 6 जिलों छतरपुर, टीकमगढ, निवाडी, पन्ना, दमोह एवं




सागर एवं उप्र के 4 को इसका लाभ मिलेगा। परियोजना अन्तर्गत अपर लेवल टनल से बेतवा नदी तक 218 किमी की केन बेतवा लिंक नहर का निर्माण होगा।

# रिटायर्ड फौजी ने जनसुनवाई में मांगी इच्छा मृत्यु की इजाजत

## 5 सालों से सिस्टम की मार झेल रहा शिकायतकर्ता

छतरपुर। मंगलवार को जिला मुख्यालय पर चल रही जनसुनवाई में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी उस वक्त चौंक गए, जब एक रिटायर्ड फौजी ने आवेदन देकर इच्छा मृत्यु की इजाजत मांगी। दरअसल उक्त रिटायर्ड फौजी पिछले करीब 5 वर्षों से सिस्टम की मार झेल रहा है, जिसके चलते अब उसने शिकायत दर्ज कराने का अनूठा तरीका अपनाया है।



शिकायतकर्ता रिटायर्ड सूबेदार महेन्द्र सिंह पुत्र हरिसिंह यादव ने बताया कि वह मूलतः हरियाणा राज्य के नूह जिला अंतर्गत आने वाले मनुवास गांव का रहने वाला है और वर्तमान में नौगांव जनपद के ग्राम चिरवारी में रहता है। महेन्द्र सिंह ने बताया कि उसने 28 वर्षों तक आर्मी में नौकरी करते हुए जो बचत की थी, उससे चिरवारी में करीब साढ़े 6 हेक्टेयर कृषि भूमि खरीदी थी लेकिन उक्त जमीन पर वन विभाग और गांव के दबंग उसे खेती नहीं करने दे रहे हैं। अपनी समस्या का निराकरण कराने के लिए वह पिछले 5 वर्षों से राजस्व विभाग और वन विभाग के चक्कर लगा रहा है लेकिन आज तक उसकी सुनवाई नहीं हुई। इसी से तंग आकर महेन्द्र सिंह ने जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री से इच्छा मृत्यु की इजाजत मांगी है। फिलहाल महेन्द्र सिंह का आवेदन लेकर अधिकारियों ने उसे, समस्या का निराकरण कराने का भरोसा दिया है।

# चोरी की स्कूटी सहित पकड़ा गया वाहन चोर

छतरपुर। गत 12 दिसंबर को रीजेंसी होटल के पीछे कीर्तिनगर से स्कूटी चोरी होने की रिपोर्ट थाना कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने विवेचना के दौरान एक संदेही को पकड़कर पूछताछ की तो उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी गई स्कूटी बरामद कर ली गई है। स्कूटी चोरी करने वाले आरोपी ने अपना नाम मनीष अहिरवार पिता हल्काई अहिरवार निवासी जनकपुर मोहल्ला बक्सवाहा बताया है, जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद कुजूर, प्रधान आरक्षक संजय अहिरवार, संदीप अहिरवार, मानसिंह, एवं आरक्षक गोलू ने सहयोग किया।

# पुलिस ने होटल पर मारा छापा, पकड़ी गई अवैध शराब



छतरपुर। मंगलवार की शाम को सिविल लाइन थाना पुलिस ने शहर के वार्ड नंबर 17 के रामदेव नगर में स्थित स्टार होटल पर छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध शराब जप्त की है। थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर स्टार होटल पर छापामार कर जांच की गई, जिसमें होटल के भीतर 7 पेटी अवैध देशी शराब मिली। उक्त शराब को जप्त कर पुलिस ने होटल के मैनेजर शिवरतन प्रजापति सहित दो लोगों के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) का मामला दर्ज किया है।

# बैंक जाकर पुलिस ने की संदिग्धों की जांच

## अपराधियों में खौफ पैदा करने पुलिस का अभियान जारी


छतरपुर। जिले में बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा शुरु किया गया विशेष अभियान निरंतर जारी है। पुलिस टीमें पूरे जिले में अभियान के तहत गुंडे-बदमाशों और संदिग्धों की जांच कर रही हैं और आपराधिक मामलों में लिप्त पाए जाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।



मंगलवार को जिला मुख्यालय पर कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर के विभिन्न बैंकों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था का मुआयना किया, साथ ही बैंक में मिले संदिग्ध लोगों की जांच की गई। थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि अपराधियों पुलिस का भय पैदा करने की मंशा से यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसका संपूर्ण जिले में क्रियान्वयन हो रहा है। उसी क्रम में आज बैंकिंग संस्थाओं में जाकर सुरक्षा व्यवस्था की जांच और संदिग्धों से पूछताछ की गई है।

# लायसेंसी शस्त्र दुकानों के स्टॉक और रजिस्टर जांच रही पुलिस

छतरपुर। पुलिस द्वारा जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत बंदूक एवं कारतूसों की लाइसेंसी दुकानों का भ्रमण कर स्टॉक तथा स्टॉक रजिस्टर की समीक्षा की जा रही है, साथ ही अनियमितता पाए जाने पर कार्यवाही भी की जा रही है। वहीं शस्त्र लाइसेंसधारियों को सुरक्षा एवं सतर्कता संबंधी निर्देश दिए जा रहे हैं। बीती रोज नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद



कुजूर एवं पुलिस टीम द्वारा छतरपुर नगर की बंदूक की लाइसेंसी दुकानों, गन हाउस में भ्रमण कर स्टॉक एवं स्टॉक रजिस्टर का निरीक्षण किया गया। कोतवाली थाना क्षेत्र में हटवारा मोहल्ला स्थित मां चंडिका गन हाउस में अनियमितता पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध किय गया है। यहां 12 बोर के 56 कारतूस जप्त किए गए हैं और लाइसेंसधारी वंदना अवस्थी पति श्रवण अवस्थी निवासी हटवारा मोहल्ला के विरुद्ध आयुध अधिनियम की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321